प्रकाशनार्थ

27 फरवरी, 2025 गोरखपुर

हर साल चंद्रशेखर आजाद शहीद दिवस 27 फरवरी को मनाया जाता है। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी समाज सुधारक, लेखक और विचारक थे। चंद्रशेखर आजाद एक क्रांतिकारी थे और उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपुर्ण भूमिका निभाई। इन्ही के उपलक्ष्य में आज हमारे गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने बताया कि फाइनेंशियल एक्सप्रेस की खबर के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य है, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं, ब्लड प्रकृति द्वारा हमे दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है, हम इसके माध्यम से लोगों कि कई तरह से मदद् कर सकते है।

चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ. हिमाशु दिक्षित जी ने कहा कि युवा भाईयों और बहनों को इस रक्तदाता शिविर में जिनकी उम्र 18 साल से ऊपर है उन्हे इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेना चाहिए और दूसरों की मदद् करना चाहिए । आप के दिए रक्त से मात्र एक व्यक्ति की नही पूरे परिवार की जिंदगी आप बचा सकते है।

वही ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जायसवाल ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है, कई बीमारियां लग सकती हैं। जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। एक रिपार्ट के अनुसार अस्पताल में जाने वाले सात लोगों में लगभग एक व्यक्ति को खून की जरूरत होती है। कई बार खून की कमी से लोगों की जान तक चली जाती है। भारत ही नहीं अमेरिका जैसे विकसित देश में भी रक्तदान की एक बडी समस्या है हेल्थ मैटर्स के अनुसार अमेरिकन रेड क्रॉस के मुताबिक यूएक में हर सेकंड में किसी न किसी को खून की जरूरत पडती है।

आज के रक्तदान शिविर में दिलीप कुमार, रोहित कुमार, शादिक, प्रशांत कुमार, अजित सिंह, राहुल के साथ लगभग 15 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।